राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

एफ.7(05)परीक्षा 'ख' / ASO /RPSC/2021-22 दिनांकः 11.11.2022

प्रेस–नोट

सहायक सांख्यिकी अधिकारी (आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2021 में अस्थाई रूप से सफल अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में दिनांक 01.11.2022 से दिनांक 04.11.2022 (प्रातः एवं सांय सत्र) को आयोजित की गई थी।

उक्त काउन्सलिंग में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा एक और अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 18.11.2022 को काउन्सलिंग हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों की सूची आयोग कार्यालय की वेबसाईट पर अपलोड़ कर दी गई है तथा इनके रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर S.M.S. द्वारा भी सूचित किया जा रहा है।

काउन्सलिंग में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के नवीन काउन्सलिंग पत्र अपलोड नहीं किये गये हैं। अतः आयोग की वेबसाईट **www.rpsc.rajasthan.gov.in** से विस्तृत आवेदन पत्र, काउन्सलिंग लैटर तथा दो प्रपत्र एवं आवश्यक दिशा–निर्देश डाउनलोड कर उनका अध्ययन करते हुए आयोग द्वारा पूर्व में अपलोड किये गये काउन्सलिंग पत्र लेकर ही काउन्सलिंग हेतु मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक 18.11.2022 को समयान्तर्गत उपस्थित होंवे।

काउन्सलिंग हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(एम.पी.रामावत)
उप सचिव